भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
11.02.2026 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2039 का उत्तर

श्रावस्ती जिले हेतु रेल कनेक्टिविटी

2039. श्री राम शिरोमणि वर्मा:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि श्रावस्ती जिला अभी भी रेल संपर्क सुविधा से पूर्णत: वंचित है, क्या सरकार ने उक्त जिले को रेल नेटवर्क से जोड़ने के लिए किसी नई रेल लाइन/रेल परियोजना को मंजूरी दी है और यदि हां, तो उक्त परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है, इसकी कुल अनुमानित लागत कितनी है और अब तक पूर्ण किए गए कार्यों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या उक्त परियोजना के अंतर्गत भूमि अधिग्रहण, निर्माण कार्य, स्टेशन विकास और अन्य तकनीकी कार्य पूर्ण हो चुके हैं या प्रगति में हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और रेल सेवाओं के आरंभ होने की संभावित समय-सीमा क्या है; और

(ग) क्या क्षेत्रीय विकास, पर्यटन और रोजगार को बढ़ावा देने के मद्देनजर, सुबेलवा वन क्षेत्र से सटे क्षेत्रों सहित श्रावस्ती जिले से सटे क्षेत्रों में रेल संपर्क सुविधा लाने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): श्रावस्ती जिले में रेल नेटवर्क संवर्धन के लिए बहराइच-श्रावस्ती-बलरामपुर-उतरौला-डुमरियागंज-खलीलाबाद नई लाइन परियोजना (240 किलोमीटर) को 4940 करोड़ रुपए की लागत पर स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।

इस परियोजना को राज्य सरकार के माध्यम से भूमि अधिग्रहण के लिए "विशेष रेल परियोजना" के रूप में अधिसूचित किया गया है। कार्य को 3 चरणों में पूरा करने की योजना बनाई गई है, अर्थात् खलीलाबाद से बंसी (54 कि.मी.), बंसी-श्रावस्ती (113 कि.मी.) और श्रावस्ती से बहराइच (73 कि.मी.)। परियोजना में 32 स्टेशन नामतः खलीलाबाद, भागौली, बखिरा, मेढावल, पासाई, खेसराहा, बंसी, रामवानपुर, भागोभार, टिकरिया, डोमरियागंज, ढंखरपुर, बनजर्हा, चिरकुतीहा, उत्रौला, कपौआशेरपुर, श्रीदत्तगंज, महेश भरी, खगइजोत, बलरामपुर, झारखंडी, हसुवाल ढोल, श्रावस्ती, इकौना, लक्ष्मणपुर, बिशुनापुर, भिंगा, हरिहरपुर, बर्देहरा, धुस्वा, अजतापुर और बहराइच शामिल हैं। इन सभी स्टेशनों में आधुनिक सुविधाओं की योजना बनाई गई है।

सुहेलवा वन इस परियोजना संरेखण से लगभग 40 कि.मी. दूर है।

प्रमुख खंड-वार प्रगति निम्नानुसार है:

खंड	स्थिति
खलीलाबाद-बंसी (54 कि.मी.)	90 प्रतिशत से अधिक भूमि अधिग्रहण कार्य पूरा हो गया है। मिट्टी संबंधी, छोटे, बड़े पुलों और स्टेशन निर्माण संबंधी कार्य शुरू कर दिए गए हैं।
बंसी-श्रावस्ती (113 कि.मी.)	भूमि अधिग्रहण शुरू कर दिया गया है।
श्रावस्ती-बहराइच (73 कि.मी.)	भूमि अधिग्रहण शुरू कर दिया गया है और अंतिम चरण में है।

रेल परियोजना/परियोजनाओं का पूरा होना विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है, जिसमें शामिल है:

- भूमि अधिग्रहण
- वन संबंधी मंजूरी
- बाधक जनोपयोगी सेवाओं का स्थानांतरण
- विभिन्न प्राधिकरणों से सांविधिक स्वीकृतियां
- क्षेत्र की भूविज्ञानी और स्थलाकृतिक परिस्थितियां
- परियोजना स्थल के क्षेत्र में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति
- परियोजना विशेष के स्थल के लिए किसी वर्ष में कार्य के महीनों की संख्या आदि।

ये सभी कारक परियोजना/परियोजनाओं के समापन समय और लागत को प्रभावित करते हैं।

******